दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 29.10.2024

प्रकाशनार्थ

दिनांक 29.10.2024 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस व महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो. ओम प्रकाश सिंह के सफलतम कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी, हिन्दी विभाग, प्रो. नित्यानन्द श्रीवास्तव, ने कहा कि अनुभव प्रायः स्मृतियों के रूप में होते है। प्राचार्य जी ने अपने कार्यकाल में वरिष्ठों के सम्मान व कनिष्ठों के पहचान के संरक्षण में कुशलतम कार्य किया है। बी.एड. विभाग की प्रभारी प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव ने वर्तमान बेहतर माहौल के आगे भी बने रहने हेतु अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त किया। डॉ. मनीष श्रीवास्तव, रसायन शास्त्र विभाग ने एडेड शिक्षकों के साथ ही स्ववित्तपोषित शिक्षकों को यथोचित सम्मान व स्नेह के साथ प्रोत्साहित करने हेतु प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में डॉ. सुनील कुमार सिंह, समाजशास्त्र विभाग ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्राचार्य जी ने सबके हृदय में सम्मानजनक स्थान बना लिया है **और शोध, नवाचार व प्रकाशन की दिशा में महाविद्यालय में लगातार कार्य हो रहे हैं।**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस सफलतम कार्यकाल हेतु सबके सम्यक प्रयास की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि हमारे विद्यार्थी व अभिभावक की हमारे प्राचर–प्रसार के माध्यम है। इसके साथ ही एन.सी.सी., एन.एस.एस. व रोवर्स–रेंजर्स के स्वयं सेवकों की सामाजिक सहभागिता में बेहतर भूमिका महाविद्यालय की पहचान को व्यक्त करती है। महाविद्यालय में लगातार विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है, इसके लिए कक्षाओं का कुशल संचालन एवं अनुशासन की महती भूमिका रही है। इसके साथ ही महाविद्यालय में वित्तपोषित राष्ट्रीय सेमीनार हुए हैं और 30 से अधिक शोधार्थी महाविद्यालय के शिक्षकों के निर्देशन में शोध–कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। महाविद्यालय के समस्त विभाग स्वचालित रूप से यदि अपने स्वधर्म का पालन करते रहें, तो हमें पूर्वांचल के सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठित होने का सम्मान अवश्य मिलेगा। महाविद्यालय, गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एक मात्र महाविद्यालय है जिसके शिक्षक को **चार पेटेंट भारत सरकार द्वारा दिया** जा चुका है। यह हमारे महाविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है।

उक्त कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभाग के प्रभारी, डॉ. नितीश शुक्ला ने एवं आभार ज्ञापन मुख्य नियन्ता, डॉ. आर.पी. यादव ने किया। उक्त अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी प्रो0 परीक्षित सिंह, डॉ. विभा सिंह, डॉ. विवेक शाही, डॉ. सुरेन्द्र चौहान, श्री इन्द्रेश पाण्डेय, डॉ. संजय त्रिपाठी, डॉ. शैलेष सिंह, डॉ. सुनील सिंह, श्री अंकित सिंह, श्री संतोष त्रिपाठी, श्री शुभम पाण्डेय सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क